**20/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत 34,200 करोड़ रुपये से अधिक के कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें 7,800 करोड़ रुपये से अधिक के प्रमुख समुद्री प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बंदरगाह और शिपिंग मंत्रालय के 66,000 करोड़ रुपये के 21 समझौता ज्ञापनों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात कही और कहा कि भारत की विदेशी देशों पर निर्भरता उसकी सबसे बड़ी दुश्मन है।

000000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने कल राज्य में जनगणना 2027 के लिए राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा की और डिजिटल तरीकों के इस्तेमाल, कर्मचारियों के प्रशिक्षण आदि पर चर्चा की। जनगणना 1 मार्च 2027 से शुरू होगी और यह भारत की पहली 100 प्रतिशत डिजिटल जनगणना होगी।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल दूध, अंडा, मछली और मांस में आत्मनिर्भरता पर तीसरी उच्च-स्तरीय टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में किसानों को सशक्त बनाना, सतत आजीविका के अवसर पैदा करना और नॉर्थ ईस्ट को आत्मनिर्भर भारत का प्रमुख केंद्र बनाना जैसे विषयों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, डोनेर मंत्रालय की टीम और त्रिपुरा, नागालैंड और मणिपुर के राज्य सरकार के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में भाग लिया।

0000000000000000000000000

उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज ईटानगर के एनर्जी पार्क में अरुणाचल प्रदेश भाजपा के साथ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए। “एक पेड़ माँ के नाम” के तहत, उप-मुख्यमंत्री पौधा रोपण में भाग लेते हुए प्रधांनमंत्री के जीवन पर लगी प्रदर्शनी में भी शामिल हुए। इस प्रदर्शनी में फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छ भारत जैसे अभियान भी दिखाए गए। 17 सितंबर से 15 दिनों तक पूरे देश में मनाया जा रहा सेवा पखवाड़ा एक जन-सेवा अभियान है, जिसमें स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, वृक्षारोपण और सामुदायिक गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसके अलाव उप मुख्यमंत्री ने आज आगामी 22 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईटानगर दौरे से पहले इंदिरा गांधी पार्क में चल रहे तैयारियों जायज़ा भी लिया।

0000000000000000000000000

“स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान” के तहत, पापुम पार जिले के सीएचसी सागाली में आज एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की व्यापक जांच की गई। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है।

0000000000000000000000000

स्थानीय लोगों को सरकारी सेवाएं उनके घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज तावांग जिला प्रशासन ने तावांग के जांगडा में 'सेवा आपके द्वार' शिविर का आयोजन किया। शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 670 लोगों ने सेवाएं प्राप्त की। कार्यक्रम के तहत, ग्रामीणों को पौधे, जैविक खाद और गोबर की खाद आदि वितरित की गई।

0000000000000000000000000

कई पायनोर उपायुक्त श्वेता नगरकोटी मेहता की अध्यक्षता में कल जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दिशा के तहत सरकारी योजनाओं और प्रमुख कार्यक्रमों तथा अन्य कई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने कार्यान्वयन एजेंसियों को समय पर परियोजनाएं पूरी करने और गुणवत्ता से समझौता न करने पर जोर देते हुए कहा कि वे जल्द ही कार्यान्वयन अधिकारियों के साथ फील्ड का दौरा करेंगी।

0000000000000000000000

इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ERO) याचुली, लिखा तेजी ने कल केई पन्यार जिले के बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने वोटर लिस्ट के संशोधन के लिए विस्तृत प्रक्रिया पर ज़ोर दिया, खासकर 2006 के डेटा के आधार पर 2025 की वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए डिज़ाइन की गई टेबल-टॉप एक्सरसाइज पर। सभी BLOs को 23 सितंबर 2025, तक बिना किसी देरी के मैपिंग एक्सरसाइज पूरी करके अपनी रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया।

0000000000000000000000

वेस्ट सियांग जिले के आलो में तामी कोमजी 3.0 के नाम से मशहूर पांच दिवसीय आलो गर्ल्स फुटबॉल लीग 2025, आज समपन्न हुआ। स्पियर कॉर लोकल मिलिट्री अथॉरिटी द्वारा आयोजित इस लीग का उद्देश्य लड़कियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना, लगातार प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए अवसर प्रदान करना तथा उनमें टीमवर्क, सम्मान और निष्पक्ष खेल की मूल्यों को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 11 जिलों पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, लोअर सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000